DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष
RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

जलवायु परिवर्तन से पर्यावरण का संतुलन हो रहा प्रभावित

लखनऊ। जलवायु परिवर्तन के कारण पर्यावरण का संतुलन प्रभावित हो रहा है। जिससे धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। गरम होती धरती की वजह से सूखे सहित कई अन्य आपदाओं की स्थित पैदा हो रही है। ये विचार जल संरक्षण व पर्यावरणविद डॉ. राजेन्द्र सिंह ने व्यक्त किये।

वे शनिवार को कासिमपुर बिरुहा स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस स्कूल में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर सोर्सेज ऑफ प्लैनेट एनर्जी एनवायरमेंटल एन्ड डिजास्टर साइंस व क्लाइमेट डिस्टरबेंस एन्ड इट्स ग्लोबल इम्पेक्ट स्पीड 2018 का शुभारंम्भ किया। उन्होंने कहा कि आज गंगा की सफाई के लिए काफी काम करने की जरूरत है। गंगा में बढ़ता प्रदूषण आने वाले समय मे बड़ी समस्या बन जएगी। यदि इस समस्या से निपटने के लिए सरकार ने कड़े कदम नही उठाये तो इसके दुष्परिणाम भयावह होंगे। इस मौके पर कॉलेज के सीईओ शरद सिंह ने कहा कि वे समय-समय पर कॉलेज में पर्यवारण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। उन्होंने कहा कि पर्यवारण संरक्षण के लिए पेड़ पौधे लगाना ही जरूरी नही है। बल्कि उनकी देखभाल भी जरूरी है। वही इनवायरमेंटल साइंस के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डीपी सिंह ने कहा कि खेती या पौधे लगाने से पहले उस जमीन का परीक्षण भी जरूरी होता है। कि इस जमीन पर कम से कम पानी की खपत करने वाला पौधा या फसल लगाई जाए। जिससे जमीन के जलस्तर पर ज्यादा प्रभाव न पड़े। संगोष्ठी में सीनियर साइंस्टिस डॉ. सीएम नौटियाल, वीबी सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. मनोज मनहोत्रा, प्रो डॉ. भरत सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये।